हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 84 | देहरादून, बुधवार, 20 सितंबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



डॉक्टर्स के छूटे पसीने, जब स्वास्थ्य सचिव ने लगाई फटकार 3

# उत्तराखंड मंत्रिमण्डल ने पीएम मोदी को भेजा बधाई संदेश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 20 सितंबर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर राज्य मंत्रीमण्डल द्वारा उत्तराखण्ड की जनता की ओर से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन व भव्य समापन हेतु हार्दिक बधाई व आभार प्रकट किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 में बाली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के हस्तान्तरण कार्यक्रम के संबोधन में भारत की जी-20 अध्यक्षता के लिए, 'भारत मंत्र' - दृष्टिकोण समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्योन्मुखी होने का उल्लेख किया गया, जो कि वर्तमान बैठक के समापन के साथ ही पूर्णता को प्राप्त किया गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने प्रमाणित किया कि, विश्व के सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भारत वह हासिल कर सकता है, जो उसने तय किया है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न केवल अफ्रीकी महाद्वीप के 55 देशों के समूह 'अफ्रीकन यूनियन' को जी-20 में सदस्य के रूप में शामिल किया गया वरन जी-20 के सामूहिक ''दिल्ली घोषणा पत्र'' को भी सर्वसम्मति से जारी कराया गया, जिसमें मजबूत, दीर्घकालीक, संतुलित और समावेशी विकास, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति प्रतिबद्धता, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को कायम रखना और शांति व स्थिरता की रक्षा करने वाली बहुपक्षीय प्रणाली को क्रियाशील रखने का आह्वान किया गया है तथा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के सिद्धान्त को प्रतिपादित किया गया, जो कि एक विशिष्ट उपलिब्ध है। यह उपलब्धि तब और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जब वैश्विक व्यवस्था में देशों के बीच विश्वास की कमी हो।भारत, सऊदी अरब, अमेरिका और यूरोप को जोड़ने वाले 'भारत मध्यपूर्व-यूरोप इकोनामिक कॉरिडोर' पर सहमति अपने आप में बड़ी उपलब्धि है, यह परियोजना अनेक देशों के आधारभूत ढांचे के विकास में सहायक होगी। अक्षय ऊर्जा को बढावा दिये जाने व कार्बन उत्सर्जन को शून्य किये जाने के उद्देश्य से 'ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस' बनाने पर देशों में सहमति बनी। प्रमुख जैव ईंधन उत्पादकों और उपभोक्ताओं के रूप में, भारत, अमेरिका, ब्राजील अन्य इच्छुक देशों के साथ मिलकर एक वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के विकास की दिशा में काम करेंगे।भारत की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन अपने मूल एजेंडे और परिणामों के मामले में जी-20 के इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी व सफल सम्मेलन रहा। इसमें कुल 112 परिणाम दस्तावेज व अध्यक्षीय दस्तावेज तैयार किए गए जोकि पूर्व के सम्मेलन की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जी-20 सम्मेलन की यह सबसे बड़ी उपलब्धि रही कि भारत स्वाभाविक रूप से 'ग्लोबल साउथ' का लीडर बनकर उभरा।

उत्तराखण्ड राज्य के प्रति प्रधानमंत्री का विशेष लगाव रहा है। जिस कारण से उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत रामनगर, ऋषिकेश व नरेन्द्रनगर में जी-20 की बैठकें आयोजित करने का अवसर उत्तराखण्ड राज्य को प्राप्त हुआ। इससे राज्य को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली व पूरे विश्व का उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, योग केन्द्रों, पर्यटन क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों व जैव विविधता से परिचय हुआ। प्रधानमंत्री द्वारा, राज्य की वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थानों और समृद्ध जैव विविधता को पुनः वैश्विक पटल पर प्रसिद्धि दिलाए जाने पर भी बधाई संदेश में उत्तराखण्ड की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया गया है। मंत्रीमण्डल द्वारा भेजे गये बधाई संदेश में चन्द्रयान-03 एवं आदित्य एल-1 के सफल लॉचिंग के लिये भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। इससे अंतरिक्ष में भारत के वैज्ञानिकों का मान सम्मान दुनिया में और अधिक बढा है।



## सीएम धामी ने दी श्री गणेश चतुर्थी के पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की भक्ति व आराधना को समर्पित ₹श्री गणेश चतुर्थी₹ के पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की है।

# खूबसूरत स्थलों को ईको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करें : मुख्य सचिव



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 20 सितम्बर , मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने ईको पार्क के सम्बन्ध में जिलाधिकारियों एवं डीएफओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश का अधिकतम भूभाग वन क्षेत्र होने के कारण यह प्रदेश की आर्थिकी में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हमें ईकोलॉजी का ध्यान रखते हुए प्रदेश के लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराना है। ईको पार्क तैयार कर स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों से जनपदों के प्रस्तावों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कहा कि सीजन में प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों में क्षमता से अधिक पर्यटक आ रहे हैं। आसपास के खूबसूरत स्थलों को ईको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित कर पर्यटकों को इन पर्यटन स्थलों की ओर मोड़ने की आवश्यकता है। इससे इन नए पर्यटन स्थलों के आसपास रोजगार के अवसर बनेंगे। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्ग के आसपास अधिक से अधिक ईको पार्क विकसित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि उधमसिंह नगर कुमांऊ क्षेत्र का द्वार है, इसके आसपास बहुत सी वाटर बॉडीज हैं, जिन्हें बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए विकसित कर आर्थिकी से जोड़ा जा सकता है।

मुख्य सचिव ने ईको पार्क विकसित करने में कम से कम कंक्रीट और स्टील का प्रयोग करने के निर्देश भी दिए। कहा कि अधिक से अधिक लकड़ी और बांस का प्रयोग किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी कार्य समय से पूर्ण हो इसके लिए प्रत्येक स्तर की समय सीमा निर्धारित की जाए। प्रोजक्ट्स की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। वन विभाग से सम्बन्धित प्रस्तावों को वन विभाग को शीघ्र भेजे जाएं।

सभी जिलाधिकारियों ने अपने अपने जनपदों के प्रस्तावों पर विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारियों द्वारा बताया गया कि अधिकतर प्रस्तावों में डीपीआर तैयार हो चुकी है। कुछ योजनाओं में कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, वन प्रमुख (हॉफ) अनूप मलिक एवं एसीईओ यूटीडीबी युगल किशोर पंत सहित सभी जनपदों से जिलाधिकारी एवं डीएफओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# देहरादून में है देश के सबसे महंगे स्कूलों में से एक स्कूल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 20 सितम्बर : पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी, ज्योतिरादित्य सिंधिया राहुल गांधी, मणिशंकर अय्यर, अमिताव घोष, संदीप खोसला अभिनव बिंद्रा और अली फजल इन सभी मशहूर शख्सियतों का देहरादून से खास कनेक्शन है। दरअसल इन सभी की पढ़ाई द दून स्कूल में हुई है, जो कि देश ही नहीं विदेशों में भी मशहूर है। दून स्कूल देश का सबसे महंगा स्कूल है। हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे की पढ़ाई दून स्कूल में हो तो जाहिर है इसकी फीस और दूसरी सुविधाओं को लेकर आपके मन में भी कई सवाल होंगे। चलिए आज हम आपको दून स्कूल की फीस और एडमिशन प्रोसेस के बारे में बताते हैं।

द दून स्कूल में एडमिशन मिल पाना आसान नहीं है, और अगर एडमिशन मिल भी जाए तो फीस भर पाना बेहद मुश्किल है। इसकी स्थापना 1935 में हुई थी। तब से इसकी शान और प्रसिद्धि बरकरार है। द दून स्कूल बॉयज प्राइवेट बोर्डिंग स्कूल है। इस स्कूल का कैंपस 70 एकड़ में फैला हुआ है। यहां एडमिशन के लिए कठिन टेस्ट और इंटरव्यू देना पड़ता है। कोलकाता के वकील सतीश रंजन दास ने ब्रिटिश स्कूल की तर्ज पर इसकी स्थापना की थी। द दून स्कूल के पहले हेडमास्टर Arthur E. Foot थे। वह अंग्रेज शिक्षाविद थे। यहां 12 से 18 साल तक के लड़कों को एडमिशन दिया जाता है। इस बोर्डिंग स्कूल में छात्राएं नहीं पढ़ती हैं। यहां सिर्फ 2 क्लासेस, क्लास 7 और क्लास 8 में एडमिशन मिलता है।

कक्षा 7वीं के लिए जनवरी में एडमिशन होता है और 8वीं के लिए अप्रैल में। इस पूरे स्कूल में सिर्फ 500 स्टूडेंट्स पढ़ते हैं। यहां की फीस सुनकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक द दून स्कूल की फीस 11,95,000 रुपये प्रति वर्ष है। एडमिशन फीस 5,00,000 रुपये है (नॉन रिफंडेबल), सिक्योरिटी फीस 6,00,000 रुपये (रिफंडेबल) और आकस्मिक व्यय यानी इंसीडेंटल एक्सपेंस प्रति सत्र 25,000 रुपये है। विदेशी छात्रों को फीस के तौर पर सालाना 14,93,500 रुपये भरने पड़ते हैं। उनकी एडमिशन फीस 7,46,875 रुपये (नॉन-रिफंडेबल), सिक्योरिटी फीस 7,46,875 रुपये (रिफंडेबल) और आकस्मिक व्यय यानी इंसीडेंटल एक्सपेंस प्रति सत्र 25,000 रुपये है। द दून स्कूल से देश की कई नामी हस्तियों ने पढ़ाई की है।



# क्या वाक़ई चीनी आप की सेहत के लिए ख़तरा है



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 20 सितम्बर : चीनी को आज सेहत का सब से बड़ा दुश्मन माना जाता है. डाइटिशियन से लेकर डॉक्टर तक, सभी आप को चीनी कम से कम खाने की सलाह देते हैं. सेहत के प्रति सतर्क यार-दोस्त मीठे से परहेज़ का मशविरा देने से नहीं चूकते.

क्या वाक़ई चीनी आप की सेहत के लिए ख़राब है?

चलिए पहले इतिहास के पन्ने पलटते हैं.आज से 80 हज़ार साल पहले हमारे शिकारी पूर्वजों को चीनी या मीठा गाहे-बगाहे ही मिलता था. जब फलों का सीज़न होता था, उन दिनों में ही वो मीठा खाते थे. फलों को खाने के लिए भी उनका मुक़ाबला परिंदों और दूसरे जानवरों से होता था.एक वो दौर था और अब आज का वक़्त है.

आप सोचिए कि मीठा खाना है और आप के इर्द-गिर्द विकल्पों के ढेर लगे दिखेंगे. चॉकलेट, मिठाई, सिरप, केक, जूस और न जाने क्या-क्या. आज आप को मीठा हर रूप-रंग में मिल जाएगा.

कोल्ड ड्रिंक में या फिर जो सीरियल्स का डिब्बा आप सुबह नाश्ते में इस्तेमाल करने के लिए खोलते हैं, हर चीज़ में चीनी है.इसीलिए चीनी को आज जनता की सेहत का दुश्मन नंबर एक घोषित कर दिया गया है. सरकारें चीनी पर टैक्स लगा रही हैं. स्कूल और अस्पतालों में मीठी चीज़ों को खाने की मशीनों से हटाया जा रहा है. जानकार आपको सलाह देते हैं कि चीनी को खान-पान से पूरी तरह से हटा दें और चीनी को इतना बड़ा विलेन तब बनाया जा रहा है, जब वैज्ञानिक अभी पूरी तरह से ये साबित नहीं कर सके हैं कि ज़्यादा चीनी वाला खान-पान आप के लिए नुक़सानदेह है.


# OMG : 295 फीट की ऊंचाई पर हवा में लटका है रेस्टोरेंट


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 20 सितम्बर सोशल मीडिया पर एक हैरान कर देने वाला रेस्टोरेंट की काफी चर्चाओं में . जिसमें एक कपल को 295 फीट की ऊंचाई पर बीच हवा में देखा जा रहा है. सामने झरना बह रहा है. दोनों टेबल पर खाना रखकर उसका मजा लेते दिख रहे हैं. ये फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर क्रिस्टियाना हार्ट नामक महिला और उनके रैपर पार्टनर ने शेयर किया है. 28 साल की हर्ट का कहना है कि वो ब्राजील में कुछ अलग करने की कोशिश कर रही थीं. तभी उन्हें हवा के बीच खाना खाने की इस जगह के बारे में पता चला.

हर्ट ने बताया कि वो अपने पार्टनर के साथ पहले चलकर वॉटर फॉल तक गईं. इसके बाद इन्हें टेबल पर बिठाने से पहले बॉडी पर स्ट्रिप्स बांधी गई . टेबल ऊपर एक रस्सी से बंधा हुआ था. फिर यहां दोनों ने चीज़, क्रैकर्स, सैंडविच और फल खाए. इस 15 मिनट के अनुभव के लिए इन्हें 5 हजार डॉलर (करीब 4 लाख रुपये) देने पड़े हैं. इन पैसों में ही कपल की तस्वीरें क्लिक की गईं और ड्रोन की मदद से वीडियो बनाकर दिया गया. इनका कहना है कि ये खाने के लिए नहीं बल्कि इस खूबसूरत नजारे का लुत्फ़ उठाने के लिए यहां आए थे. हर्ट ने कहा, 'अनुभव इस दृश्य को देखने के लिए था, न कि खाने के लिए.' कपल ने अपने इस ट्रिप की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर किया







है. फोटो को अभी तक लाखों लोगों ने देख लिया है. लोग फोटो को खूब लाइक कर रहे हैं. साथ ही इस पर कमेंट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. एक ऑनलाइन यूजर ने लिखा है, 'लोग अपनी जिंदगी से बहुत ज्यादा खेलने लगे हैं.' एक अन्य यूजर ने कहा, 'इसके लिए पैसे दिए हैं या फिर पैसे मिले हैं.' तीसरे यूजर ने कहा, 'अनावश्यक कार्यों के इतिहास में इसे टॉप 3 में शामिल होना चाहिए.' चौथे यूजर ने कहा, 'हां लेकिन इस रिस्क के लिए 5000 डॉलर बहुत ज्यादा है. मुझे लगता है कि इन्हें मुझे पैसे देने चाहिए, इतने आत्मविश्वास के लिए.' पांचवें यूजर ने कहा, 'नहीं, मैं अपना खाना ठीक से पचा नहीं बहुत ज्यादा है. मुझे लगता है कि इन्हें मुझे पैसे देने चाहिए, इतने आत्मविश्वास के लिए.' पांचवें यूजर ने कहा, 'नहीं, मैं अपना खाना ठीक से पचा नहीं पाऊंगा

# डॉक्टर्स के छूटे पसीने, जब स्वास्थ्य सचिव ने लगाई फटकार





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हल्द्वानी , 20 सितंबर , प्रदेश में डेंगू से ज्यादा स्वास्थ्य अधिकारी और डॉक्टर्स अपने सचिव से खौफज़दा है कारण है उनकी कार्यशैली की खुलती पोल और शार्प आईएएस की पैनी नज़र से हो रहे खुलासे क्योंकि अब डॉ आर. राजेश कुमार ने साफ़ साफ हिदायत दे डाली है कि लापरवाही की तो बचोगे नहीं क्योंकि मरीज़ों की जान से खिलवाड़ सरकार और विभाग किसी कीमत पर बर्दाश नहीं करेगा। हल्द्वानी में एक बार फिर स्वास्थ्य अधिकारीयों के माथे पर टपकता पसीना उनकी गुल होती बत्ती का साफ़ इशारा दे रही थी।

**अफसर पेन कम चलाये मरीज़ों पर दें ध्यान - डॉ आर. राजेश कुमार**

स्वस्थ्य डेंगू नियंत्रण अभियान की हकीकत जानने स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर आर राजेश कुमार आजकल प्रदेश के दौरे पर हैं। देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी जनपद के कोटद्वार के बाद स्वास्थ्य सचिव कुमाऊ मंडल नैनीताल जनपद के हल्द्वानी शहर पहुंचे जहाँ उन्होंने तूफानी दौरे में डेंगू मरीजों की जांच की धीमी गति पर जतायी कड़ी नाराजगी और अधिकारियों को फटकार लगाते हुए दो टूक कहा है कि डेंगू नियंत्रण में कोताही की तो खैर नहीं स्वास्थ्य सचिव डा. आर. राजेश कुमार ने हल्द्वानी में डेंगू से निपटने के लिए किये जा रहे इंतजामों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सचिव ने अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए की गयी व्यवस्थाओं पर नाराजगी जतायी और व्यवस्थाएं दुरस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि डेंगू के मरीज के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

बेस अस्पताल हल्द्वानी का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश द्वारा आईसीयू का संचालन न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई । अस्पताल प्रशासन को जल्द से जल्द आईसीयू को चलाने के निर्देश मौके पर दिए गए। सचिव स्वस्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने बेस हॉस्पिटल पर वार्ड में जाकर मरीजों का हाल जाना अस्पताल प्रशासन को किसी भी मरीज के उपचार मैं कोई लापरवाही न हो इसके निर्देश दिये गये। उनके द्वारा द्वारा डेंगू वार्ड, आईसीयू, इमरजेंसी वार्ड, डायलिसिस यूनिट, ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि डेंगू के उपचार के लिये निजी व सरकारी चिकित्सालय पर आयुष्मान कार्ड द्वारा भी उपचार प्रदान किया जाएगा। जिसके निर्देश अधिकारियो को दे दिये गये है ।

सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने डेंगू जांचों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की । उन्होंने अधिकारियों को जांचों में तेजी लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सचिव ने कहा अधिकारी कागज पर पेन कम चलकर थोड़ा जांचों में तेजी लाएं जिससे मरीज को समय पर सही इलाज मिल सके। स्वास्थ्य सचिव ने मरीजों और लोगों से भी अस्पताल में व्याप्त सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भागीरथी जोशी, मेडिकल कालेज हल्द्वानी के प्रधानाचार्य डा. अरुण जोशी, डॉ टिट्याल, चिकित्सा अधीक्षक सुशीला तिवारी अस्पताल, डॉ मनोज कांडपाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ सविता ह्यांकी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक बेस चिकित्सा हल्द्वानी, डा. ऊषा जंगपांगी महिला चिकित्सालय हल्द्वानी भी मौजूद थे।

## सफाई कर्मचारियों का कार्यबहिष्कार जारी

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम श्रीनगर में आउटसोर्स के माध्यम से लगे सफाई कर्मियों का कार्यबहिष्कार एवं धरना मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें जल्द ईपीएफ और ईएसआई का लाभ दिया जाए। साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणानुसार 500 प्रतिदिन की दर पर मानदेय का भुगतान व वेतन को तीन केटेगिरी बनाए जाने सबंधी मामले पर यदि जल्द कार्यवाही नहीं होती है तो सफाई कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मंगलवार को धरने में बैठे सफाई कर्मचारियों को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार ने अपना समर्थन दिया। कहा कि फर्म द्वारा कर्मचारियों का शोषण व उनके हक हकूकों का हनन किया जा रहा है। जिससे किसी भी हद में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर उन्होने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार एवं प्रदेश महासचिव मनोज कुमार सिरसवाल ने कहा कि नगर निगम श्रीनगर में आउटसोर्स के माध्यम से सफाई कर्मचारियों को विगत तीन वर्षों से ईपीएफ एवं ईएसआई का लाभ नहीं दिया गया है। इस मौके पर जयपाल टांक, अनुज कुमार, रोहित कुमार, लक्की कुमार, रंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## 15 अक्टूबर से मां कुंजापुरी पर्यटन मेला

नई टिहरी। नरेन्द्रनगर में 47 वें सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले को लेकर आयोजित बैठक में मेला आयोजन के साथ अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। मेले का आयोजन 15 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक होगा। नरेन्द्रनगर स्थित टाउन हाल में मां कुंजापुरी पर्यटन विकास मेले को लेकर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के नेतृत्व में संपन्न हुई बैठक में मेले के भव्य आयोजन को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री ने डीएम मयूर दीक्षित को मेले को भव्य रुप से आयोजित करने के निर्देश दिये। मेला अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम पंवार ने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक मां कुंजापुरी पर्यटन विकास मेले का नरेन्द्रनगर में भव्य आयोजन होगा, विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाये जाऐंगे, जिसमें सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ जनता की समस्याओं का समाधान किया जाऐगा। उन्होंने बताया 15 अक्तूबर सुबह 8 बजे मां कुंजापुरी मंदिर में हवन पूजन किया जाऐगा, दोपहर 2 बजे मुख्य अतिथि ध्वजारोहण के साथ 47 वें सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन विकास मेले का विधिवित शुभारंभ करेंगे। बताया मेले में प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेल प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे। डीएम ने नगर पालिका ईओ तथा संबधिंत विभागों के अधिकारियों को मेले की तैयारी अभी से शुरु के निर्देश दिये। बैठक में एसडीएम देवेंद्र सिंह नेगी, ब्लाक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, सीओ अस्मिता मंमगाई, नगर पंचायत अध्यक्ष गजा मीना खाती, पालिका सभासद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## गंगा नदी की स्वच्छता की शपथ दिलाई

नई टिहरी। पीजी कॉलेज नई टिहरी में नमामि गंगे परियोजना के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को लेकर कॉलेज के सभी लोगों को गंगा नदी की स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। गंगा संरक्षा और संवर्धन हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय नई टिहरी की प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने नमामि गंगे के स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों को गंगा को निर्मल बनाये रखने की शपथ दिलाई। कहा की गंगा की निर्मलता के साथ सरंक्षण, संवर्धन भी जरुरी है, गंगा जीवन दायिनी होने के साथ हमारी धार्मिक आस्था और आर्थिकी का मुख्य स्तंभ भी है।

## फोटोग्राफी की नई तकनीकी के बारे में ली जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर फोटोग्राफी वेलफेयर सोसाइटी ने देहरादून में आयोजित सिनेमैटिक वेडिंग एवं कैंडिड फोटोग्राफी कार्यशाला में प्रतिभाग कर फोटोग्राफी की नई-नई तकनीकों की जानकारी जुटाई। इस मौके पर देश के प्रख्यात सिनेमैटोग्राफर और इंटरनेशनल वेडिंग फोटोग्राफी अवॉर्ड से सम्मानित पीके सुरी ने कार्यशाला में अपने जीवन में किए गए कार्यों के बारे में बताया। साथ ही नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके कैसे फोटोग्राफी को बेहतर दिशा में ले जा सकते हैं, इस पर अपने अनुभवों और जानकारी को साझा किया। इस मौके पर श्रीनगर फोटोग्राफी सोसाइटी के सदस्यों ने देहरादून फोटोग्राफी एशोसिएसन के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह रावत का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण में श्रीनगर फोटोग्राफी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष विजय सिंह रावत, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, राजेश बडोनी, अरविंद सिंह रावत, मुकेश सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बैठक 24 सिंतबर को

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा (एनओपीआरयूएफ) शाखा श्रीनगर की 24 सिंतबर को जीजीआईसी श्रीनगर में बैठक आहुत की गई है। शाखा अध्यक्ष राकेश रावत और मंत्री मनोज भंडारी ने कहा कि 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड के द्वारा देहरादून में पुरानी पेंशन बहाली के लिए काला दिवस मनाया जाना है। इस दौरान एक रैली का आयोजन कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें पूरे प्रदेश से अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी भारी संख्या में भाग लेंगे। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा गढ़वाल मंडल के प्रभारी संयोजक जसपाल सिंह गुसांई ने कहा कि संयुक्त मोर्चा लगातार पांच सालों से सडक़ से लेकर दिल्ली संसद तक रैली, धरना व प्रदर्शन आयोजित कर चुका है लेकिन सरकार पुरानी पेंशन की मांग पर विचार नहीं कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### गिरीश गोस्वामी को पितृशोक

अल्मोड़ा। गोस्वामी समाज सेवा समिति के जिला संयोजक गिरीश नाथ गोस्वामी के पिता रमेश नाथ (79) प्रधान पुजारी शंकर भैरव मंदिर अल्मोड़ा का आकस्मिक निधन हो गया उनके पार्थिव शरीर को मंगलवार को पाताल देवी में समाधि दी गई। रमेश नाथ गोस्वामी के निधन पर पाताल देवी में हुई शोक सभा में गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में संगठन के अध्यक्ष विनोद गिरि, व्यापार मंडल के जिला महामंत्री भैरव गोस्वामी, पी.जी गोस्वामी, चंदन गिरी, पूरन नाथ, शिवेंद्र गोस्वामी, मनोज गोस्वामी, प्रकाश नाथ, राहुल, सुनील गोस्वामी, द्वारिका नाथ आदि मौजूद रहे।

### गणेश चतुर्थी पर हुआ कार्यक्रम

कोटद्वार। भाबर क्षेत्र के पदमपुर मोटाढाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज में गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान गणेश की मूर्ति पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए विराजमान की गई। तत्पश्चात छात्राओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। साथ ही हेमन्त रिखाड़ी, कु. सिद्धि, ईशान, सुमित, कंचन सुयाल, निक्की खंतवाल, सुमित तथा अनुराग डबराल ने श्री गणेश के जन्म से सम्बंधित प्रसंग सुनाया। मुख्य वक्ता आचार्य कविता रावत ने देवताओं में श्रेष्ठता के द्योतक श्री गणेश के जन्म से सम्बंधित प्रसंग सुनाया। प्रधानाचार्य कुंजबिहारी भट्ट ने कहा कि भगवान गणेश इस सृष्टि के प्रथम पूजनीय हैं, हम जब कभी भी पूजा या अर्चना करते हैं तो सर्वप्रथम श्री गणेश का ही आह्वान करते हैं। बताया कि यह उत्सव सर्वप्रथम महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज द्वारा प्रारम्भ किया गया था, जो कि आज सम्पूर्ण भारत में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य व छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

### 24 सितंबर को रोजगार मेला

कोटद्वार। कोटद्वार में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लैन्सडाउन द्वारा 24 सितम्बर को देवी रोड स्थित श्री गुरु राम राय इण्टर कॉलेज में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी लैंसडौन ममता चौहान नेगी ने बताया कि उत्तराखण्ड युवा महोत्सव-2023 के तहत कोटद्वार में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा हेल्पर, ऑपरेटर, ट्रेनी असिस्टेंट मैनेजर, ड्राइवर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, फार्मासिस्ट, एएनएम, जीएनएम, सिक्योरिटी गार्ड आदि पदों के सापेक्ष अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। आयु सीमा 18-35 वर्ष रखी गई है। बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक योग्यता के समस्त मूल प्रमाण पत्र व छाया प्रतियो, बायोडाटा एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### आइसा ने अंकिता भंडारी को दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर गढ़वाल। आइसा छात्र संगठन की ओर से सोमवार देर शाम को गढ़वाल विवि गेट पर अंकिता भंडारी हत्याकांड के एक वर्ष बीतने पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी की एवं सरकार से अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग की। मौके पर भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि एक वर्ष बाद भी पहाड़ की बेटी को न्याय नहीं मिल पाया है।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस विधायक का पुतला फूंका

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 20 सितम्बर : कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा की कांग्रेस के विधायक द्वारा हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के प्रति जो अपमान जनक टिप्पणी कही है वह कांग्रेस के विधायक और कांग्रेस पार्टी को शोभा नहीं देती इस प्रकार की टिप्पणी का भारतीय जनता पार्टी और महानगर कड़ा विरोध करता है निंदा करता है ऐसे विधायक को जिन्होंने अपनी गरिमामई पद को धूमिल किया उनको अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही जिस प्रकार कांग्रेस के विधायक के द्वारा सरकारी कर्मचारी को उसके घर पर जाकर धमकाने की कोशिश की साथ ही उसके परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया उसके लिए उस पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

कार्यक्रम में महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना बागड़ी युवा मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट महानगर मंत्री युवा मोर्चा प्रभारी संकेत नौटियाल तरुण जैन आशीष शर्मा राजेश बडोनी रंजीत सेमवाल अक्षत जैन सूरज विपिन खंडूरी प्रीतम शाह वैशाली बंसल तरुण चमोली शशांक गोसाई सचिन नितिन मिश्रा चंद्र सागर उनियाल प्रियांशु थापा आकाश सिंह रिशु चौरसिया सुषमा कुकरेती आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पेयजल संकट हल नहीं होने से जनप्रतिनिधि में आक्रोश

श्रीनगर गढ़वाल। चौरास क्षेत्र में पेयजल संकट का समाधान न होने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में गहरा आक्रोश है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कई बार पेयजल की समस्या के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों एवं प्रशासन से मांग करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। कहा पेयजल की आपूर्ति सुचारू न होने से उन्हें भारी दिक्कतें हो रही हैं। सांकरौं क्षेत्र पंचायत सदस्य डॉ. प्रताप भंडारी ने कहा कि चौरास क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति के लिए, कोटेश्वर-सिल्काखाल पेयजल योजना पर निर्भर है। लेकिन इस योजना के रखरखाव एवं संचालन में लापरवाही बरते जाने से योजना से आपूर्ति सुचारू नहीं हो रही है। जिसका खामियाजा लोगों को झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए 37 करोड़ की निर्माणाधीन पेयजल पंपिंग योजना पर कार्य अधर में होने से लोगों को इसका लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा इस संदर्भ में क्षेत्र के प्रधानों एवं क्षेपं सदस्यों द्वारा उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर कार्यालय एवं कोतवाली थाना प्रभारी कमल मोहन भंडारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आने वाली 25 सितंबर को जल संस्थान कार्यालय कीर्तिनगर में तालाबंदी एवं उपजिलाधिकारी कार्यालय कीर्तिनगर में विशाल आक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन किये जाने की बात कही गई है।

# हरिद्वार : करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में बिल्डर और महिला साथी गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 20 सितम्बर : हरिद्वार में जमीन के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में आखिरकार ऑक्टागन बिल्डर्स के मालिक और उसकी साथी महिला को बहादराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बिल्डर के खिलाफ 55 से ज्यादा मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। जिसमें करीब 42 मुकदमे बहादराबाद थाने में दर्ज हैं। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में गैंगस्टर का भी केस दर्ज किया गया था। दोनों की गिरफ्तारी गैंगस्टर एक्ट के तहत ही की गई है।

पुलिस कार्यालय रोशनाबाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने पत्रकार वार्ता कर मामले का पर्दाफाश किया। एसएसपी ने बताया कि शानदार लोकेशन पर प्लाट खरीद कर आशियाना तैयार करने की योजना बना रहे लोगों को सुहाने सपने दिखाकर ऑक्टेगनल बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी चलाने वाला गैंगस्टर कुलदीप नंदराजोग लोगों से ठगी करता था।




कंपनी की आड़ में जमीन बेचने के नाम पर अब तक करीब 60 करोड़ की धोखाधड़ी आरोपी ने की है। उसके गैंग में कुलदीप के अलावा सतपाल नंदराजोग, अंजलि त्यागी, संजीव गुप्ता, सौरभ गांधी सक्रिय सदस्य हैं। आरोपी कुलदीप नंदराजोग, उसकी सहयोगी अंजलि त्यागी को ऑक्टेगनल बिल्डर कार्यालय शांतरशाह बहादराबाद से पुलिस की टीम ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया। गैंग के सदस्यों के बैंक खाते और दस्तावेजों की विस्तृत जांच कर ठगी गई रकम की जानकारी जुटाई जा रही है।

# केदारनाथ के लिए 30 सितंबर तक हेलीकॉप्टर बुकिंग फुल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 20 सितम्बर : केदारनाथ यात्रा से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। केदारनाथ के लिए 30 सितंबर तक हेली सेवा के टिकटों की बुकिंग अब फुल हो चुकी है। एक अक्तूबर से आगे की यात्रा के लिए अगले सप्ताह तक आईआरसीटीसी का पोर्टल खुल सकता है।

दरअसल मौसम साफ होने के बाद अब दोबारा से श्रद्धालु अक्टूबर माह में चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा रहे हैं। आलम यह है कि 30 सितंबर तक हेली सेवा की बुकिंग फुल हो चुकी है। एक अक्टूबर से आगे की यात्रा के लिए 25 सितंबर के बाद ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो सकती है। आप





ऑनलाइन बुकिंग आईआरसीटीसी के अलावा किसी भी वेबसाइट से न करें, क्योंकि हेलीकॉप्टर की बुकिंग की ऑफिशियल वेबसाइट आईआरसीटीसी ही है।

## संक्षिप्त खबरें

### दर्पण समिति अल्मोड़ा एसडीजी गोलकीपर अवार्ड से सम्मानित

अल्मोड़ा। दर्पण समिति अल्मोड़ा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा एसडीजी गोलकीपर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विदित हो कि दर्पण समिति अल्मोड़ा द्वारा विगत 11 वर्षों से नुक्कड़ नाटक, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, ग्राम पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण और प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों के जरिए प्रचार प्रसार किया जाता रहा है और सतत विकास हेतु समिति अपना सहयोग प्रदान करती रही है। समय समय पर संस्था विभिन्न सामाजिक मुद्दों और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लोगों तक पहुंचती रही है और उनका प्रचार प्रसार और प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित करती रही है। संस्था की सचिव विभु कृष्णा ने बताया कि दर्पण की पूरी टीम युवाओं द्वारा युवाओं और महिलाओं के विकास और नवाचार पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि देहरादून में गोलकीपर अवार्ड के अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने घोषणा की कि वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए जनपदों में प्रतियोगिता की भावना के दृष्टिगत इस वर्ष से ''एस0डी0जी0 एचीवर ट्रॉफी'' प्रदान की जाएगी जिसमें सभी 13 जनपदों के विजेता एवं उपविजेता घोषित किए जाएंगे। विभु कृष्णा ने कहा कि उत्तराखण्ड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाकर विकास जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव एवं ज्यूरी के अध्यक्ष एन रविशंकर, सचिव आर.मीनाक्षी सुंदरम, यूएनडीपी की प्रतिनिधि इसाबेल त्सचान, सीपीपीजीजी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पंत तथा समिति से संजय साह, सुरेंद्र जनौटी, कविता नेगी, धीरेंद्र सिंह रावत, सुहाना अहमद आदि मौजूद रहे।

### जीआईसी रैंगल की छात्रा चेतना को सीएम ने किया सम्मानित

अल्मोड़ा। हिंदी दिवस के अवसर पर चेतना बिष्ट को सम्मानित किया गया है। राजकीय इंटर कॉलेज रैंगल विकासखंड हवालबाग जनपद अल्मोड़ा की कक्षा 10 की छात्रा कुमारी चेतना बिष्ट को हिंदी विषय में 99 अंक प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा सम्मानित किया गया। कुमारी चेतन की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद जोशी व सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है एवं उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### दन्या पुलिस ने 01 वांरटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा। रामचन्द्र राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा जनपद के सभी थाना, चौकी प्रभारियों को न्यायालय से जारी समन, नोटिस एवं वारंट आदि की शत प्रतिशत तामीली करते हुए वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु सख्त निर्देश दिये गये हैं। दन्या पुलिस द्वारा न्यायालय से प्राप्त गिरफ्तारी वारंट फौजदारी वाद संख्या- 477/2023, धारा- 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित वांरटी अभियुक्त प्रकाश चन्द्र आर्या पुत्र शेर सिंह, निवासी मल्ला गैराड़, पो0 झाकरसैम, दन्या, जनपद अल्मोड़ा को सोमवार को झाकरसैम मंदिर तिराहा से गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की गई है। यहाँ पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बलबीर सिंह, हैड कांस्टेबल विनोद डसीला शामिल रहे।


### द्वाराहाट विधायक पर भड़का भाजयुमो

कोटद्वार। उत्तराखंड विधान सभा की द्वाराहाट सीट से कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट द्वारा इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक से की गई अभद्रता व मुख्यमंत्री को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी पर भाजयुमो ने रोष व्यक्त किया है। इस बात से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक पर प्रदर्शन करते हुए विधायक का पुतला दहन किया। मंगलवार को युवा मोर्चा कार्यकर्ता हिंदू पंचायती धर्मशाला में एकत्रित हुए। तत्पश्चात वे झंडा चौक पहुंचे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शांतनु रावत ने कहा कि विधायक मदन सिंह बिष्ट का व्यवहार कांग्रेस की नीयत को दर्शाता है। चाहे वह कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी हो या कांग्रेस विधायक द्वारा मुख्यमंत्री तथा कालेज निदेशक के साथ की गई बदजुबानी हो, कांग्रेस हमेशा मर्यादाओं को तार-तार करती रही है। कहा कि ऐसे व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# सावधान : कही आपकी आवाज चुराकर कोई आपको चूना न लगा दे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 20 सितम्बरः सोशल साइट्स पर अगर वीडियो डालने का शौक है तो ये खबर पढ़ लें, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चुरा लेगा आपकी आवाज जी हाँ , सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करना अब खतरे से खाली नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की डीफेक तकनीक के जरिए चुराई जा रही हैं आवाज। आपकी या आपके रिश्तेदारों की आवाज कॉपी करके कोई भी लगा सकता है आपको चूना। कैसे हो रही है ये धोखाधड़ी चलिए जानते हैं।



**फेसबुक पर संभलकर डाले अपने वीडियो**

सोशल साइट्स का क्रेज लगातार लोगों में बढ़ता ही जा रहा है। फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक लोगों में काफी तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है, कोई अपने बच्चे का वीडियो डालता है, कोई अपने माता-पिता का। गर्लफ्रेंड बॉयफ्रेंड, पति - पत्नी अपने खुशगवार पलों को सोशल साइट्स पर शेयर करते रहते हैं, लेकिन अब ये बेहद खतरनाक बनता जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए चुराई जा रही हैं आवाज।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चुराई जा सकती है आवाज**

ऐसा हो सकता है कि आपके पास कोई फोन आए और सामने वाला आपको बताए कि वो आपका बेटा है, पति है या दोस्त है। आप कहोगे कि आप अपनों की आवाज तो पहचान ही लेंगे, नहीं ऐसा नहीं है कि क्योंकि वो आवाज आपके पति, बेटे या दोस्त की होगी जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से चुराया गया होगा और फिर आपको ठगने के लिए उसका इस्तेमाल किया गया होगा।

**आपकी आवाज चुराकर कोई आपको चूना न लगा दे**

सबसे पहले कनाडा के इस को समझिए जहां आर्टफिशियल इंटेलिजेंसी की मदद से आवाज चुराकर एक बुजुर्ग दंपत्ति को चूना लगा दिया गया। बुजुर्ग दंपत्ति के पास एक फोन आया। फोन पर जो आवाज थी वो उनके पोते ब्रैंडन पार्किंग की थी जो दूसरे शहर में रहता था। ब्रेंडन ने अपने दादा-दादी से बात की और कहा कि मैं मुश्किल में हूं। मैं जेल में बंद हूं और मुझे बाहर निकलने के लिए पैसे चाहिए। उसने बताया कि वो अपने वकील के नंबर से फोन कर रहा है। इसके बाद उसके वकील ने भी बात की और कहा कि आप 18 लाख रुपये ट्रांसफर कर दीजिए।

**बुजुर्ग दंपत्ति को लगा 18 लाख का चूना**

बुजुर्ग दंपत्ति अपने पोते की आवाज सुनकर परेशान हो गए। उन्हें ये समझ आ चुका था कि ये आवाज उनके पोते की है और वो किसी भी कीमत पर उसकी मदद करना चाहते थे। उन्होंने बैंक जाकर 3000 कैनेडियन डॉलर यानी 18 लाख रुपये निकाले और बेटिकन के जरिए उस वकील को ट्रांसफर कर दिए, लेकिन अब आप ये जानकर हैरान रह जाएंगे कि जो फोन उनके पोते ने किया था दरअसल वो उनका पोता नहीं बल्कि उसकी चुराई हुई आवाज थी।

**पोते की आवाज यूट्यूब से की गई कॉपी**

उनके पोते के कुछ वीडियो यूट्यूब पर मौजूद थे। आर्टिफिशल इंटेलिजेंट के की मदद से उन वीडियो से ब्रेंनडन की आवाज निकाली गई और फिर हुबहू आवाज तैयार की गई। खुद उसके दादा-दादी भी अपने पोते की इस आवाज को सुनकर शक नहीं कर पाए और पैसे ट्रांसफर कर दिए।

**सोशल साइट्स से निकाली जा रही है आवाज**

दरअसल फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब में जो वीडियो आप अपने फन के लिए अपलोड कर रहे हैं उनकी मदद से आपकी आवाज को कॉपी करके आपके रिश्तेदारों को फोन किया जा रहा है और फिर पैसों की मांग की जा रही है। हमारे देश में भी इस तरह के धोखाधड़ी के केस आ चुके हैं। आवाज में कोई बदलाव नहीं होने की वजह से कोई शक भी नहीं कर रहा।

**डीफेक तकनीक से बुना जा रहा है जाल**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक तरह से बनावटी तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता है। इसमें एक डीपफेक तकनीक होती है। इस तकनीक की मदद से ही किसी की भी आवाज, फोटो या वीडियो का सैंपल लेकर उसकी क्लोनिंग कर दी जाती है। इस तकनीक से तैयार ये ऑडियो-वीडियो इतने रियल होते हैं कि खुद आप अपनी आवाज सुनकर भ्रम में पड़ जाएंगे। देशभर में इस तरह की ठगी के कई केस दर्ज हो चुके हैं। पहले ये सिर्फ बाहरी देशों में ही हो रहा था, लेकिन अब यहां भी इस तरह के फ्रॉड काफी ज्यादा बढ़ गए हैं। इसलिए जब भी आप फेसबुक या किसी और साइट्स पर अपने वीडियो डाल रहे हैं तो सावधान रहें।

## शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

ऋषिकेश। संविदा एवं बेरोजगार स्टाफ नर्सेज महासंघ ने रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 52 लोगों ने रक्तदान किया। मंगलवार को संविदा एवं बेरोजगार स्टाफ नर्सेज महासंघ उत्तराखंड ने रानीपोखरी में रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसका शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में विकास कार्य कर रही है। जिसकी बदौलत जनता में भाजपा सरकार के प्रति विश्वास बढ़ गया है। कहा कि मेडिकल कॉलेज के 1383 पदों पर जल्द ही शासनादेश जारी हो जाएगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिकृष्ण बिज्लवान ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अथक प्रयासों से 12 वर्षों बाद ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए उत्तराखंड सरकार ने 1564 पदों में से 1377 पदों पर परिणाम घोषित कर दिया है जो सराहनीय है। इस दौरान आयोजित शिविर में 52 लोगों ने रक्तदान किया।

# ऋषिकेश में शुरू हो गई है वॉटर राफ्टिंग, आप भी चले आइए





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश 20 सितम्बर : राफ्टिंग के लिए ऋषिकेश आने वाले पर्यटक बीते दिन से गंगा में अठखेलियां कर सकेंगे। जुलाई और अगस्त महीने में यहां राफ्टिंग बंद कर दी गई थी, लेकिन कौडियाला मुनिकीरेती इको टूरिज्म जोन में एक बार फिर राफ्टिंग की गतिविधि शुरू होने जा रही है। पहले चरण में मरीन ड्राइव से शिवपुरी तथा क्लब हाउस से मुनिकीरेती तक राफ्टिंग संचालन की अनुमति दी गई है। मानसून के दौरान जुलाई और अगस्त में राफ्टिंग गतिविधियां बंद कर दी जाती हैं।

इस दौरान गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ रहता है। 1 सितंबर से नया राफ्टिंग सत्र आरंभ होता है, लेकिन इस साल ऐसा नहीं हो सका। गंगा में जलस्तर अधिक होने के कारण एक सितंबर से राफ्टिंग की गतिविधि आरंभ नहीं हो पाई। बीते बीते दिन गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंधन समिति से जुड़ी तकनीकी टीम ने गंगा में उतरकर राफ्टिंग की संभावनाओं का आकलन किया। इसके बाद टीम ने कहा कि गंगा में जलस्तर अब काफी हद तक राफ्टिंग के अनुकूल हो गया है। अब यहां पहले चरण में मरीन ड्राइव से शिवपुरी तथा क्लब हाउस (ब्रह्मपुरी) से खारास्रोत तक राफ्टिंग की गतिविधि शुरू कराने का निर्णय लिया गया है। बीते दिन से राफ्टिंग संबंधी गतिविधियां शुरू हो जाएंगी, अब पर्यटक यहां राफ्टिंग कर सकेंगे। अभी सिर्फ क्लब हाउस तथा मरीन ड्राइव से राफ्टिंग खोली जा रही है। शिवपुरी से क्लब हाउस तथा मुनिकीरेती के बीच फिलहाल राफ्टिंग बंद रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण ऐतिहासिक कदम

देहरादून। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का विधेयक ऐतिहासिक है और इससे देश में महिलाएं राजनैतिक तौर पर मजबूत होंगी। महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश होने के बाद मंगलवार को नौटियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण मिलने पर महिलाएं मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि इससे महिलाएं आसानी से लोकसभा और विधानसभा में पहुंच पाएंगी। महिलाओं के अधिक संख्या में सदन में होने से उनके मामले प्रमुखता से उठेंगे और इससे पूरे समाज को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान को लेकर केंद्र सरकार जहां कई तरह की योजनाएं चल रही है, वहीं 33 फीसदी आरक्षण दिए जाने से उनको अत्यधिक फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ जाएगा। मंगलवार को इस विधेयक को लोकसभा में पेश करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

### सीता राम ब्लॉक अध्यक्ष और अनुज नगर अध्यक्ष चुने गए

ऋषिकेश। आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। कांग्रेस विभिन्न स्तर पर अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर रही है। मंगलवार को डोईवाला में कांग्रेस के एससी विभाग की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें सीता राम को ब्लॉक अध्यक्ष और अनुज कालरा को नगर अध्यक्ष बनाया गया। मंगलवार को डोईवाला स्थित गन्ना समिति के सभागार में कांग्रेस के एससी विभाग की बैठक हुई। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व एससी विभाग प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल की उपस्थिति में एससी विभाग जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कार्यकारणी का विस्तार किया। जिसमें सीताराम को डोईवाला ब्लॉक अध्यक्ष व अनुज कालरा को डोईवाला नगर अध्यक्ष बनाया गया। वहीं आशा देवी को जिला उपाध्यक्ष महिला, अशोक कुमार, जितेंद्र सिंह, एसपी सिंह, रंजीत सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। अनूप सिंह, सतविंदर सिंह, चमन लाल, राहुल, कमलेश भारती, मुकेश कुमार, ललित कुमार, आशीष, आकाश, शोमपाल, विशाल सिंह को जिला महामंत्री, अजय कुमार, विजय ढिगिया, शुभम भारती को जिला सचिव बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से हर कोई परेशान है। आगामी चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, मनोज नौटियाल, ईश्वर पाल, अब्दुल रज्जाक, गौरव चौधरी, इन्द्रजीत सिंह, सागर मनवाल, उमेद बोरा, सुनील कुमार, करतार सिंह, तेजपाल सिंह, प्रिंस, पूनम सदाल, राहुल सैनी, स्वतंत्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### रामलीला के कलाकार सात घन्टे कर रहे अभ्यास

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा कर्नाटक खोला की विख्यात रामलीला को भव्य बनाने के लिए कलाकार लगातार सात घण्टे का अभ्यास कर रहे हैं। श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला के सभागार में प्रत्येक दिन सायं चार बजे से रात्रि ग्यारह बजे तक प्रशिक्षण चल रहा है। श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला के संस्थापक, संयोजक वरिष्ठ रंगकर्मी बिट्टू कर्नाटक ने बताया कि कर्नाटक खोला रामलीला कमेटी में इस बार भी रामलीला के साथ साथ तीन दिवसीय महिलाओं की रामलीला पृथक से आयोजित की जाएगी।

# टॉयलेट रोका तो गंभीर होगा नतीजा महिलाओं को रहना चाहिए सावधान


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 20 सितम्बर : यूँ तो कहने को ये छोटी सी बात मान सकते हैं क्योंकि ये काम हम और आप कभी न कभी हालात से मज़बूरन कर ही देते हैं। लेकिन यही मामूली सी लापरवाही हमको बड़े संकट में भी डाल सकती है। हम बात कर रहे हैं टॉयलेट की , जो कभी कभी सही जगह न मिलने की वजह से हम नज़रअंदाज़ कर देते हैं और असहनीय न हो जाए तब तक टॉयलेट रोक कर रखते हैं। यही नहीं आजकल देर रात या ठंड और आलस या कई बार शर्म की वजह से भी लोग ऐसा करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी ये गलत आदत काफी खतरनाक हो सकती है। यही नहीं आपकी ये आदत कई बीमारियों को जन्म भी दे सकती है।

ज्यादातर लोगों को किसी न किसी चीज से डर लगता है, जिसे फोबिया भी कहते हैं। किसी को ऊंचाई से, तो किसी को पानी में जाने से, या फिर किसी को सांप से डर लगता है। इन सब से अलग कुछ लोगों को टॉयलेट जाने से भी डर लगता है। इसे शाय ब्लैडर सिंड्रोम कहा जाता है। इन लोगों को अपने घर के अलावा किसी और जगह पर टॉयलेट यूज करने में हिचक महसूस होती है।

महिलाओं में ज्यादा देखी जाती है ये समस्या - इस सिंड्रोम से पीड़ित लोगों को पब्लिक टॉयलेट का इस्तेमाल करने से डर लगता है, खासकर तब जब दूसरे लोग इनके आस-पास होते हैं। शाय ब्लैडर सिंड्रोम वैसे तो महिलाओं में आम है, क्योंकि अधिकतर समय महिलाएं शर्म या गंदे टॉयलेट की वजह से बाथरूम जाने से बचती हैं, लेकिन ये परेशानी पुरुषों और बच्चों में भी देखी जाती है। इंटरनेशनल पैरुरिसिस एसोसिएशन की एक रिपोर्ट अनुसार दुनिया में करीब 2 करोड़ लोग शाय ब्लैडर सिंड्रोम से जूझ रहे हैं। ये लोग आउटडोर पब्लिक गैदरिंग, ट्रैवलिंग या बाजार तक आने-जाने से भी कतराते हैं। सर्दियों में ये समस्या और भी बढ़ जाती है।

ठंड के चलते भी कुछ लोग बहुत देर तक टॉयलेट जाने से बचते हैं। सुनने में भले ही ये छोटी सी बात लगती हो, लेकिन ये समस्या कई और गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। तो आप भी अगर ऐसी लापरवाही करते हैं तो अब जरा सम्हल जाएँ और अपनी सेहत से अनजाने में कोई खिलवाड़ न करें।



# इन वजहों से महिलाओं में बढ़ जाता है सडन कार्डिएक अरेस्ट का खतरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 20 सितम्बर : सडन कार्डियक अरेस्ट यानी हार्ट बीट का अचानक रुक जाना दुनियाभर के लोगों के लिए एक चिंता का विषय बन गया है। अब हर उम्र के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं, चाहे उनका बैकग्राउंड या रिकॉर्डिंग कुछ भी हो। अनहेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल इसमें सबसे बड़ा रोल निभा रहा है। ग्लोबल रिसर्च पर गौर करें तो, सडन कार्डियक अरेस्ट के लगभग 40% मामले महिलाओं से जुड़े देखे जा सकते हैं और उनके लक्षण भी काफी अलग हैं। यही वजह है कि इस बीमारी से जुड़े खतरों और संकेतों को समझना महिलाओं के लिए और भी ज्यादा जरूरी है।

सडन कार्डियक अरेस्ट वह स्थिति है, जिसमें दिल धड़कना बंद कर देता और ब्लड प्रेशर कम होने लगता है। जिसकी वजह से दिल के लिए ब्लड को पम्प करना मुश्किल हो जाता है। इससे मरीज को सांस लेने में बहुत तकलीफ होती है। अक्सर ऐसी स्थिति में मरीज बेहोश हो जाता है और समय पर इलाज न मिलने की वजह से मौत भी हो जाती है महिलाओं के लिए यह समझना जरूरी है कि हाइपरटेंशन, मेनोपॉज, डायबिटीज जैसी समस्याएं सडन कार्डियक अरेस्ट के खतरे को और ज्यादा बढ़ा सकती हैं। तो इन समस्याओं को हल्के में लेने की गलती न करें। अगर आपको इनमें से कोई भी बीमारी है तो आपको और ज्यादा सजग रखने के साथ केयर की जरूरत है।

मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) महिलाओं के जीवन की एक अवस्था है, जिसमें कई शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं। यह महिलाओं के लिए एक मुश्किल वक्त हो सकता है।

कई ग्लोबल स्टडीज में पाया गया है कि मेनोपॉज की अवस्था और बढ़ी हुई कोरोनरी हार्ट डिजीज में गहरा कनेक्शन है, जिसमें कार्डियक अरेस्ट भी शामिल है। मेनोपॉज के दौरान और बाद में महिलाएं कई ऐसे लक्षणों का अनुभव करती हैं, जो सडन कार्डियक अरेस्ट के खतरे को बढ़ाने का काम करते हैं। इनमें से कुछ लक्षण हैं बहुत ज्यादा स्ट्रेस, नींद पूरी न होना और वजन बढ़ना।

पीसीओडी (PCOD) वाली कई महिलाओं में इंसुलिन रेजिस्टेंस होता है, जिससे शरीर में इंसुलिन जमा हो सकता है जिससे ब्लड ग्लूकोज के नॉर्मल लेवल को बनाए रखना मुश्किल हो जाता है।

रिसर्च के अनुसार, पीसीओएस से पीड़ित 35 प्रतिशत महिलाओं को प्री-डायबिटीज होता है और 10 प्रतिशत को 40 साल की उम्र तक डायबिटीज हो जाता है। इसके अलावा, एंड्रोजेन के बढ़े हुए लेवल्स भी डायबिटीज का जोखिम बढ़ाते हैं। इस ज्यादा इंसुलिन की वजह से अक्सर वजन बढ़ जाता है और "गुड कोलेस्ट्रॉल'' कम हो सकता है। यह सभी मिलकर हार्ट प्रॉब्लम्स के खतरे को बढ़ाते हैं। लेकिन लाइफस्टाइल में जरूरी बदलावों से इसके खतरे को बहुत हद तक कम किया जा सकता है।



# इस गंभीर समस्या का शिकार बना सकती है विटामिन-डी की कमी, जानें इसके लक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 20 सितम्बर : शरीर के संपूर्ण विकास के लिए पोषक तत्व बेहद जरूरी होते हैं। अलग-अलग तरह के विटामिन्स और मिनरल्स हमारी सेहत के लिए काफी अहम होते हैं। शरीर में किसी भी विटामिन की कमी गंभीर समस्या का कारण बन सकती है। विटामिन-डी ऐसा ही एक जरूरी पोषक तत्व, जो शरीर के बेहतर विकास में अहम भूमिका निभाता है। शरीर में विटामिन-डी की कमी से कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। रिकेट्स ऐसी ही एक गंभीर समस्या है, जो शरीर में विटामिन-डी कमी से होती है। आमतौर यह समस्या बच्चों में देखने मिलती है। तो चलिए जानते हैं क्या है यह बीमारी और इसके लक्षण- रिकेट्स एक ऐसी स्थिति है, जिसमें विटामिन-डी की कमी के कारण हड्डियां नरम और कमजोर हो जाती हैं।

मजबूत हड्डियों के लिए आवश्यक कैल्शियम और फास्फोरस के अब्जॉर्शन के लिए विटामिन-डी जरूरी होता है। रिकेट्स बच्चों में सबसे आम है, लेकिन यह वयस्कों में भी हो सकता है। आप इन लक्षणों से रिकेट्स की पहचान कर सकते हैं- हड्डी में दर्द ,मांसपेशियों में कमजोरी, जोड़ों में सूजन, बॉलगेज या नॉक-नी , बढ़ा हुआ सिर ,रीढ़ और पसलियों के फ्रैक्चर और विकृति रिकेट्स से बचाव के लिए बेहद जरूरी है कि आप शरीर में पर्याप्त मात्रा में विटामिन-डी पूर्ति करें। इसके लिए आप भोजन और पूरक आहार का मदद ले सकते हैं। साथ ही धूप की मदद से भी आपके शरीर में विटामिन-डी की कमी को दूर कर सकते हैं। धूप विटामिन-डी का बढ़िया सोर्स माना जाता है। धूप में समय जरूर बिताएं।

सूरज की रोशनी शरीर में विटामिन-डी के उत्पादन में मदद करती है। हालांकि, इसकी किरणों से बचने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें ,अपनी डाइट में ऐसे फूड आइटम्स जरूर शामिल करें, जो विटामिन-डी से भरपूर हों। विटामिन-डी की पूर्ति के लिए आप फैटी फिश, अंडे की जर्दी और फोर्टिफाइड दूध डाइट में जोड़ सकते हैं। विटामिन-डी सप्लीमेंट लें। अगर आपको खाने या धूप से पर्याप्त विटामिन-




डी नहीं मिल रहा है, तो आपको पूरक आहार लेने की जरूरत पड़ सकती है। अगर आपको खुद में या अपने बच्चे में रिकेट्स के लक्षण नजर आएं, तो तुरंत अपने डॉक्टर से मिलें। सही समय पर इसकी पहचान कर इलाज मिलने से गंभीर होने से रोका जा सकता है।

# हरितालिका तीज पर गोर्खाली महिलाओं ने नेपाली गीतों पर लगाए ठुमके

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


विकासनगर। ग्राम तेलपुर और जीवनगढ़ में गोर्खाली समुदाय की महिलाओं ने हरितालिका तीज का व्रत रखकर देर रात तक पूजा अर्चना की। महिलाओं ने बालू का शिवलिंग स्थापित कर उस पर गंगा जल, बेलपत्र, तिल, अक्षत अर्पित किये। स्थापित मंदिर में रोली चंदन, पंचामृत व सभी प्रकार के ऋतुफल भगवान शिव को अर्पित कर व्रती महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए कामना की।

गोर्खाली समुदाय की महिलाओं ने नेपाली भजन जय गणेश जय गणेश देवा, माता तिम्रो पार्वती पिता महादेवा.... से कार्यक्रम की शुरुआत की। भगवान लाई भेटन...जय जय शिवशंकर माहेश्वरम... आदि भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। साथ ही तीज के गीत तीज को बेलामा माईत आयेको...ठूलाबाको आंगनिमा तीजको गीत गांउला...केराको पात कांटेर संगै दर खांउला....आऊ आदि नेपाली गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। महिलाओं ने रतजगा किया।

गोर्खाली सुधार सभा के शाखा अध्यक्ष ने व्रती महिलाओं को फलों की टोकरी भेंट कर हरितालिका तीज को लेकर जानकारी दी। कहा कि महिलाएं शिव पार्वती गणेश शिव-परिवार की फोटो मंदिर में स्थापित कर निर्जल निराहार व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु परिवार के कल्याण व सुख शांति के लिए कामना करती है। स्थापित बालू के शिवलिंग को मंगलवार को नदी में जाकर विसर्जित किया।

तीज कार्यक्रम में मीनू शाह, आशा पुन, लक्ष्मी थापा, स्वाति थापा, भावना राना, संगीता शर्मा, शालिनी थापा, सोनी गुरुंग, लीला थापा, विष्णु चन्द, सीता रोकाह, तारा थापा, उषा थापा, निशा देवी, रितिका, आयुषी थापा, कुसुम थापा, अमिता थापा, विपेन्द्र थापा विरेन्द्र चन्द ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय



# नई संसद में महिला आरक्षण

संसद का 96 साल पुराना भवन अब अतीत हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य नेताओं के विदाई संबोधनों के साथ ही पुराने भवन को अलविदा कहकर नए संसद भवन में प्रवेश भी हो चुका है। अब पुराना संसद भवन एक राष्ट्रीय धरोहर, एक लंबा इतिहास, संसदीय संग्रहालय और लोकतंत्र का प्रतिबिम्ब है, जिससे संविधान निर्माताओं, हमारे पुरखों और 7500 से अधिक सांसदों की असंख्य यादें जुड़ी हैं। पुराना सदन उन घटनाओं, बहसों और निर्णयों का साक्षी रहा है, जिन्होंने भारत के लोकतंत्र को एक सुगढ़ आकार और विकास दिया। संसद भवन में वे असंख्य नाद आज भी गूंज रहे हैं, जो अस्पष्ट और अनसुने लग सकते हैं, लेकिन वे अभिव्यक्ति और संवाद की स्वायत्तता के जीवंत प्रमाण हैं। हमने 1997 से 2020 के कोरोना-काल तक लोकसभा की प्रेस दीर्घा में बैठकर संसदीय कार्यवाहियों को साक्षात देखा है, लिहाजा सुना भी है। कई ऐतिहासिक संबोधन भी सुने हैं। देवेगौड़ा और गुजराल सरकारों का एक साल से भी कम समय में पतन देखा है। किसी की निजी और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर सदन और सरकारें काम नहीं कर सकतीं, यह सोच भी सुनी है। अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे कद्दावर और निर्णायक प्रधानमंत्री की सरकार मात्र एक वोट से गिरती भी देखी है। उस दिन लोकतंत्र को बिकते भी देखा है, लेकिन लोकतंत्र तो सनातन और शाश्वत है, लिहाजा लौट आया। हम लोकसभा में परमाणु करार पर राजनीतिक विभाजन के भी साक्षी रहे हैं और डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार को गिरते-गिरते बचते भी देखा है। लोकसभा में एक भाजपा सांसद ने नोटों से भरा बैग खोल कर पूरे सदन को स्तब्ध कर दिया था, लिहाजा 'नोट के बदले वोट' के राजनीतिक भ्रष्टाचार को बेनकाब होते भी देखा है। 'प्रश्न के बदले नकदी घूस' के भ्रष्टाचार पर 11 सांसदों की बर्खास्तगी का ऐतिहासिक निर्णय भी सुना है। हम खाद्य सुरक्षा, सूचना का अधिकार, मनरेगा, अनिवार्य निःशुल्क शिक्षा से लेकर अनुच्छेद 370, तीन तलाक, जीएसटी, एक पद-एक पेंशन आदि ऐतिहासिक संशोधनों और कानूनों के पारित किए जाने के भी प्रत्यक्ष साक्षी रहे हैं। हम 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर आतंकी हमले के भी चश्मदीद रहे हैं और एक बड़े पत्थर के पीछे छिप कर जान बचाई थी। अब चूंकि मोदी कैबिनेट ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के बिल को स्वीकृति दी है, लिहाजा नए संसद भवन के 'विशेष सत्र' में यह बिल पेश और पारित किया जा सकता है, लेकिन हम स्पष्ट कर दें कि महिला आरक्षण कानून 2029, यानी अगले आम चुनाव, से पहले क्रियान्वित किया जाना संभव नहीं है। संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से बिल पारित होने के बाद यह संवैधानिक बाध्यता और दायित्व भी है कि उसकी राज्यों की 50 फीसदी से अधिक विधानसभाएं भी पुष्टि करें।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# सहारनपुर में मिली लापता किशोरियां

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र से लापता किशोरियां सोमवार को जीआरपी सहारनपुर को मिल गई। ज्वालपुर पुलिस ने किशोरियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। क्षेत्र के गांव सराय की रहने वाली दो किशोरियां 17 सितंबर को लापता हो गई थी। सोलह और चौदह साल की किशोरियों के न मिलने पर परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी थी। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस तलाश कर ही थी। सोमवार देर रात पुलिस को जीआरपी सहारनपुर ने लापता किशोरियां मिलने की बात बताई। एसआई संदीपा भंडारी की अगुवाई में पुलिस टीम किशोरियों को वापस लाई। किशोरियों ने बताया कि घूमने के लिए वह ऋषिकेश पहुंची थी, जिसके बाद सहारनपुर से होते हुए दिल्ली गई थी। अब वहां से वापस लौट रही थी।

# एडवांस लाइफगार्ड ओपन वॉटर कोर्स प्रशिक्षण का समापन

काशीपुर। एक्वाटिक सेफ्टी एंड लाइफ सेविंग स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित तीन दिवसीय एडवांस लाइफगार्ड ओपन वॉटर कोर्स प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया। रामनगर रोड स्थित एलएस स्कूल के स्वीमिंग पूल में आयोजित प्रशिक्षण का समापन अगस्तमुनि, रुद्रप्रयाग जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राजीव चौधरी, स्टेडियम प्रभारी मोहित सिंह, विद्यालय संस्थापक रितु भल्ला, प्रबंधक कर्नल रोहित भल्ला, पेंटाथलॉन एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड सचिव अनुराग पंत, उपाध्यक्ष एनसी सिंह बाबा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पुणे महाराष्ट्र के निपुण प्रशिक्षकों सौरव साहा और अंगद कुमार ने यूएसनगर के पंकज भल्ला, श्रेया चौहान, सुनील चौहान, अल्मोड़ा के पवन बोहरा, बागेश्वर के दीपक बोरा, जीवन बोरा, नैनीताल के भुवन सिंह पडियार, भीमताल के प्रकाश चंद्र, अनिकेत कुमार, हापुड़ यूपी की अंजलि, वंश को जल आपातकालीन स्थितियों की पहचान करने, बचाव कार्यों, सुरक्षित पीड़ित दृष्टिकोण, तकनीकों और निकासी सहित महत्वपूर्ण प्राथमिक चिकित्सा कौशल का प्रशिक्षण दिया।

# महिला टेबल टेनिस में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी विजेता

काशीपुर। चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय में आयोजित कुमाऊं विवि अंतर महाविद्यालयी महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर नैनीताल को हराकर एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी की टीम विजेता रही। मंगलवार को कॉलेज में आयोजित महिला टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता कुल नौ मैच खेले गये। डीएसबी परिसर नैनीताल और एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इस दौरान शानदार प्रदर्शन कर हल्द्वानी की टीम विजेता और नैनीताल उप विजेता रही। पं. गोविंद बल्लभ पंत शिक्षा समिति अध्यक्ष विमला गुडिया, विश्वविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा, प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत, एसो. प्रोफेसर डॉ. दीपिका गुडिया आत्रेय ने विजेता एवं उप विजेता टीम को पदक और ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। यहां पर विजेंद्र चौधरी, डॉ. सुरेंद्र नेगी, डॉ. हरीश चंद्र पाठक, लाल सिंह बिष्ट, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. गीता मेहरा आदि मौजूद रहे।

# बेहड़ ने 30 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

रुद्रपुर। विधायक तिलकराज बेहड़ ने विभिन्न स्थानों पर तीस लाख रुपये की लागत से हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बेहड़ का फूलमालाओं से स्वागत किया। मंगलवार को बेहड़ ने वीरशिवा स्कूल के निकट विधायक निधि के 4.82 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी रोड, ग्राम पटेरी में विधायक निधि के 4.99 लाख की लागत से निर्मित सार्वजानिक हाल और राज्य वित्त योजना के 19.80 लाख रुपये से बनी दो सडक़ों का लोकार्पण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बेलडा प्रकरण को लेकर धरना दूसरे दिन भी जारी

रुडक़ी। नगर निगम के बाहर बेलड़ा प्रकरण में मारे गए दोनों युवकों के परिजनों तथा उनके समर्थन में ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। वक्ताओं ने 12 सूत्रीय समझौते को तत्काल पूरा करने की मांग उठाई। कहा कि समझौता लागू होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। नगर निगम के पास बेलड़ा कांड के प्रभावित परिवारों का धरना प्रदर्शन सोमवार की शाम को शुरू हुआ था। अधिवक्ता संजीव वर्मा के साथ धरने पर मृतक पंकज की पत्नी प्रिया और प्रमोद की पत्नी मुनिया देवी अपने बच्चों और अन्य ग्रामीण धरने पर बैठे हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश कुमार, नेत्रपाल सिंह, कुलदीप सिंह, रणवीर, गौतम, आदेश कुमार, रमेश चंद्र, सोनू और अरुण आदि आदि ने धरना सभा को संबोधित किया।

### धार्मिक स्थल से चोर पकड़ा

रुडक़ी। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के इस्लामनगर में धार्मिक स्थल है। रात के वक्त लोगों को खटपट की आवाज सुनाई दी। उन्होंने आस मोहम्मद पुत्र गढ़मीरपुर थाना रानीपुर को धार्मिक स्थल से सामान चोरी करते वक्त पकड़ लिया गया।

### पदार्था में दुकान पर शराब पिलाने से नाराज ग्रामीणों ने दुकानदार को घेरा

हरिद्वार। सोमवार रात को पदार्था स्थित एक आवासीय कॉलोनी में एक दुकान पर शराब बेचने व पिलाने पर लोग एकत्र हो गए। लोगों के लोगों का कहना है कि दुकानदार में शराब पिलाने से वह परेशान हैं। शाम होते ही दुकान के अंदर व बाहर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। गुस्साए लोगों ने दुकान स्वामी को घेर लिया और कट्टे में भरे शराब के पव्वों को सडक़ पर फेंक दिया। ग्रामीणों ने इसका वीडियो भी बनाया जिसे शोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### अंक प्राप्त करना लक्ष्य नहीं, सफलता पर हो फोकस : ज्या किशोरी

हरिद्वार। कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रुडक़ी में प्रेरक वक्ता जया किशोरी के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जया किशोरी ने अपनी बातों से कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अन्य अतिथियों में ऊर्जा का संचार किया। मंगलवार को कोर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जया किशोरी के स्वागत भाषण के साथ हुआ। जया किशोरी ने कहा कि स्कूल और कॉलेज में अंक प्राप्त करना छात्रों का लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि सफल कैसे हों? प्राप्त अंक यह निर्धारित नहीं करते कि आप कितने सफल हैं, सफलता को ज्ञान निर्धारित करता है। कॉलेज से निकलने के बाद आपका ज्ञान और बुद्धिमता आपके विकास को प्रभावित करेगी, न कि अकादमिक क्षेत्र में प्राप्त अंकों को। इस दौरान जया ने परीक्षा के दौरान सात्विक भोजन लेने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही युवाओं को समझदारी से दोस्त बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। महाकाव्य महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि व्यक्ति के कृष्ण जैसे मित्र होने चाहिए, जो आपको जीवन में आगे बढ़ाते हैं। न कि शकुनि जैसे जो जीवन को बर्बाद कर देते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, रुडक़ी विधायक प्रदीप बत्रा, कार्यकारी निदेशक चारु जैन, डॉ. नरेश मोहन, जेसी जैन, सुनीता जैन, डॉ. पंकज गुप्ता, श्रेयांश जैन, डॉ. बीएम सिंह, वीके सिंह, डॉ. डीवी गुप्ता, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. सुशील जिंदल, मयंक देव, हरेंद्र गर्ग, जगदीश लाल पाहवा, विशाल गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### गणेश मुर्ति प्रतियोगिता में प्रकृति प्रथम स्थान पर

हरिद्वार। एचईसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, जगजीतपुर में सांस्कृतिक विभाग के तत्वाधान में गणेश चतुर्थी उत्सव पर कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन संदीप चौधरी, डायरेक्टर (ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट) विकास गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में गणेश मूर्ति प्रतियोगिता में प्रकृति ने प्रथम स्थान, नैन्सी और नेहा द्वितीय और खुशी वर्मा व उवर्शी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने गणेश पर नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की। नाटिका के मंचन में आशीष, अक्षित, अंजली, मनन, ईशान, रिया, रितिका आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चेयरमैन संदीप चौधरी, डायरेक्टर विकास गुप्ता ने विजेताओं को सम्मानित कर संस्कृति से जुडे रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. तृप्ति अग्रवाल, डॉ. शिवानी, सुनिति त्यागी, सारिका चौधरी, विशाखा, वन्दना रानी, लवीना राजपूत, स्वपनिल शर्मा, सपना सकलानी, वर्षा खत्री आदि मौजूद रहे। संचालन शिक्षिका रितु मोदी ने किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से हाथी की मौत

हरिद्वार। हरिद्वार वन प्रभाग की हरिद्वार रेंज स्थित जमालपुर फाटक के पास हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक टस्कर हाथी की मौत हो गई। जबकि दो टस्कर हाथियों को वन विभाग की टीम ने किसी तरह रेलवे ट्रैक से दूर खदेड़ा। मृतक हाथी के शव को पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया गया है। हरिद्वार वन प्रभाग की हरिद्वार रेंज के वन क्षेत्राधिकारी दिनेश प्रसाद नौडियाल ने बताया कि बीते सोमवार रात करीब 11:30 बजे मातृ सदन के पीछे स्थित जंगल से तीन टस्कर हाथियों का झुंड जगजीतपुर होते हुए जमालपुर रेलवे फाटक के पास पहुंच गया था। हरिद्वार रेंज के कर्मचारियों की टीम तीनों टस्कर हाथियों का पीछा करते हुए उन्हें जंगल की ओर खदेडऩे का प्रयास कर रही थी। रात्रि करीब 11:45 बजे तीनों हाथियों के झुंड को रेलवे ट्रैक से काफी दूर तक खदेड़ दिया गया था। लेकिन कुछ ही देर बाद हाथियों का झुंड फिर से रेलवे ट्रैक के आसपास पहुंच गया। रात्रि करीब 12:00 बजे जब हरिद्वार की ओर से लक्सर की ओर जा रही हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन जमालपुर रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर खंबा नंबर 20/ 22 के पास पहुंची तो एक टस्कर हाथी रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से टस्कर हाथी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य टस्कर हाथियों को वन विभाग की टीम ने ट्रैक से दूर खदेड़ दिया। हाथी की मौत की सूचना पर डीएफओ नीरज शर्मा, एसडीओ संदीपा शर्मा सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में हाथी के शव को हरिद्वार रेंज स्थित नगर वन लाया गया। जहां डॉ. अजय ध्यान और डॉ. प्रेमा ध्यान सहित तीन चिकित्सकों की टीम ने हाथी के शव का पोस्टमार्टम किया और उसे वहीं पर दफना दिया गया।

### सहारनपुर में मिली लापता किशोरियां

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र से लापता किशोरियां सोमवार को जीआरपी सहारनपुर को मिल गई। ज्वालपुर पुलिस ने किशोरियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। क्षेत्र के गांव सराय की रहने वाली दो किशोरियां 17 सितंबर को लापता हो गई थी। सोलह और चौदह साल की किशोरियों के न मिलने पर परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी थी। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस तलाश कर ही थी। सोमवार देर रात पुलिस को जीआरपी सहारनपुर ने लापता किशोरियां मिलने की बात बताई।

# राज्यपाल ने किया देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में 'अखण्ड दीपक शताब्दी समारोह : सक्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन' में मुख्य अतिथि प्रतिभाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने मंगलवार को देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में ''अखण्ड दीपक शताब्दी समारोहः सक्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन'' में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने पंडित श्री राम शर्मा द्वारा रचित साहित्यों के वियतनामी भाषा में अनुवादित किताबों का विमोचन सहित व अन्य प्रकाशनों का विमोचन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज के समय में करोड़ों लोगों के लिए यह शांतिकुंज का पवित्र परिसर एक आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है। राज्यपाल ने कहा कि आज 'अखण्ड दीपक शताब्दी समारोह' की शुरूआत हो गई है जो वर्ष 2026 में पूर्ण होगा। इन तीन वर्षों में समारोह का वातावरण रहेगा, सभी परिवार जन अनेक कार्यक्रमों के सहभागी बनेंगे और यह 'अखण्ड दीपक शताब्दी समारोह' करोड़ों लोगों को प्रेरणा देने का कार्य करेगा।




उन्होंने कहा कि महापुरुषों के संकल्प कभी भी व्यर्थ नहीं होते, 'युगनिर्माण योजना' और 'युग परिवर्तन का संकल्प' इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। महापुरुषों के एक संकल्प से सब कुछ संभव हो सकता है। आज हम विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु भारत के बड़े संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ये तीनों लक्ष्य एक ही संकल्प की तीन पंखुडियां हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 'अखण्ड दीपक शताब्दी समारोह' गुरुदेव की साधना और संकल्पों के अनुरूप युग परिवर्तन और युग निर्माण योजना का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत के संकल्पों के बल पर आज एक नये युग में पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और भारत में आध्यात्म की दिव्य चेतना को खोज रही है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की ज्ञान-विज्ञान परंपरा और योग, आयुर्वेद, संस्कृति एवं जीवन मूल्यों की शिक्षा का प्रसार शांतिकुंज के कार्यकर्ता विश्वभर में कर रहे हैं। शांति कुंज आध्यात्मिक सेनिटोरियम के रूप में लोगों के स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन और सभ्य समाज की परिकल्पना को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी को विचार क्रांति अभियान के माध्यम से पूरे विश्व में भारतीय चिंतन धारा के प्रसार से नैतिक क्रांति, बौद्धिक क्रांति और सामाजिक क्रांति लानी है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बतौर विशिष्ट अतिथि प्रतिभाग करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय मानवता के कल्याण के लिये कार्य कर रहा है। जहां पर भी स्वार्थ जुड़ता है, तो वहां पर कल्याण नहीं रह जाता है। इसलिये कल्याण की पहली शर्त है कि हमें स्वार्थ से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा कि यह स्थान मन्दिर समान है। आज करोड़ों लोग यहां से ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, जो वट वृक्ष के रूप में हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1926 से जो अखण्ड ज्योति यहां प्रज्ज्वलित हो रही है, वह साधारण ज्योति नहीं है।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि जिस किसी व्यक्ति के जीवन में सौभाग्य जागता है, तो उन्हें ईश्वरीय कृपा प्राप्त होती है। जैसे नरेंद्र के जीवन में स्वामी रामकृष्ण परमहंस के आने के बाद वे स्वामी विवेकानंद बने। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि गायत्री परिवार के लाखों करोड़ों कार्यकर्त्ता समाजहित में कार्य कर रहे हैं। गायत्री परिवार समाज में आस्था संकट के अंधकार से ग्रस्त लोगों को जगाने का जुटा है। इस दौरान कुलपति आचार्य ओम प्रकाश शर्मा सहित शांतिकुंज गायत्री तीर्थ के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण विधेयक केंद्र का क्रांतिकारी कदम : ऋतु खंडूड़ी

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने संबंधी विधेयक लोकसभा में पेश किया जाना केंद्र सरकार का क्रांतिकारी कदम है और इससे महिला सशक्तीकरण को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से समाज में न केवल उनकी भूमिका बढ़ेगी बल्कि इससे उनका सशक्तीकरण भी होगा। उन्होंने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि एक महिला होने के नाते मैं देख रही हूं कि प्रधानमंत्री ने एक क्रांतिकारी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा से हमारी आवाज सुनी है और हमारी चिंता की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं के विकास व उन्हें नेतृत्व देने की बात करते हैं। महिलाओं के विकास के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री का जताया आभारः भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने भी लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को पेश किए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आधी आबादी के पक्ष में बहुत महत्वपूर्ण फैसला है। इससे नारी शक्ति को सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इससे पहले उज्ज्वला योजना, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम दो सौ रुपए तक कम करने जैसे कई कदम उठाए हैं जिससे महिलाओं को बड़ा लाभ मिला है।

# 20 मॉडल डिग्री कॉलेजों में आईटी लैब और छात्रावास बनेंगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। केंद्र सरकार ने 20 सरकारी डिग्री कॉलेजों में आईटी लैब और छात्रावास बनाने के लिए 152 करोड़ रुपए के ऋण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसी के क्रम में प्रथम किश्त के रूप में 40.26 करोड़ रुपए भी जारी कर दिए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अपर सचिव डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र सरकार की स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट के तहत उत्तराखंड के 20 सरकारी कॉलेजों में जरूरत के अनुसार आईटी लैब और महिला - पुरुष छात्रावास बनाए जाने हैं। इस परियोजना पर कुल 152 करोड़ रुपए खर्च होने हैं, इसी क्रम में केंद्र सरकार ने प्रथम किश्त के 61 करोड़ रुपए में से 40.26 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। विभाग ने कॉलेजवार बजट का आवंटन करते हुए, आगामी 31 मार्च तक इसे उपयोग करने को कहा है। उक्त सहायता आसान ऋण के रूप में स्वीकृत की गई है।

चयनित कॉलेजः पीजी कॉलेज रुद्रपुर यूएसनगर, पीजी कॉलेज काशीपुर यूएसनगर, पीजी कॉलेज चम्पावत, पीजी कॉलेज बागेश्वर, पीजी कॉलेज पिथौरागढ़, एमबी पीजी कॉलेज हल्द्वानी नैनीताल, डीएसबी परिसर कुमांऊ विवि नैनीताल, पीजी कॉलेज रानीखेत अल्मोड़ा, एसएसजे विवि परिसर अल्मोड़ा, पीजी कॉलेज कोटद्वार पौड़ी, पीजी कॉलेज नरेंद्र नगर टिहरी, पीजी कॉलेज नई टिहरी, पीजी कॉलेज उत्तरकाशी, डिग्री कॉलेज थलीसैंण पौड़ी, पीजी कॉलेज गैरसैंण चमोली, पीजी कॉलेज लक्सर हरिद्वार, पीजी कॉलेज गोपेश्वर हरिद्वार, पीजी कॉलेज डाकपत्थर देहरादून, पीजी कॉलेज मालदेवता देहरादून, पीजी कॉलेज अगस्तमुनि रुद्रप्रयाग।

## संक्षिप्त खबरें

### तहसील दिवस पर एक भी समस्या का नहीं हो सका समाधान

रुडक़ी। तहसील दिवस में एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने लोगों की समस्याएं सुनी। 22 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं लेकिन एक सा भी समाधान नहीं हो सका। तहसील दिवस में निरंजनपुर निवासी अधिवक्ता अनिल अग्रवाल ने बिजली के तारों से सटे पेड़ों की छंटाई कराने की मांग की। अकौढ़ा कलां के ग्रामीणों ने सडक़ों पर गंदा पानी बहने की समस्या बताई। सीधडू गांव की सविता ने बाढ़ में मकान की दीवार गिरने और खेड़ी कलां निवासी दिव्य प्रताप ने गन्ने की फसल के नुकसान का मुआवजा मांगा। सिकंदरपुर से आए रोड्डा सिंह ने जमीन की पैमाइश, भुरनी खतीरपुर के नकली राम ने पट्टे की भूमि की पैमाइश कराने की मांग की। एसडीएम ने बताया कि प्रार्थनापत्र संबंधित विभागों को भेजे गए हैं।

### बाढ़ प्रभावितों के सहकारिता ऋण माफ करे सरकार

रुडक़ी। पूर्व विधायक चैंपियन ने सीएम से मिलकर जिले में बाढ़ से नष्ट फसल के नुकसान का 100 फीसदी बीमा क्लेम दिलाने के साथ सहकारिता का ऋण माफ करने की मांग की। बाद में, संबंधित विभागों के सचिव से भी मिले और उन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के बारे में समझाया। पूर्व विधायक चैंपियन राजधानी पहुंचकर सीएम धामी से मिले और बताया कि इस साल हरिद्वार जिले में अतिवृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। जुलाई में सोलानी नदी का तटबंध टूटने से लक्सर और खानपुर क्षेत्र कई दिनों तक बाढ़ के पानी में डूबा रहा। अतिवृष्टि से बची फसल इससे नष्ट हो गई। बताया कि वहां का किसान और मजदूर मुश्किल में हैं।

### अंकिता के दोषियों को कठोर सजा की मांग की

रुडक़ी। विभिन्न संगठनों ने अंकिता भण्डारी की प्रथम पुण्यतिथि पर शिवाजी चौक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सरकार से दोषियों को कठोर सजा देने की मांग की। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि एक वर्ष बीतने पर भी दोषियों को सजा न दिला पाना दोषियों को राजनीतिक संरक्षण देना प्रतीत होता है। अधिवक्ता राकेश चौहान ने कहा कि सीएम ने फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर दोषियों को सजा दिलाने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक अंकिता को न्याय नहीं मिला। कैप्टन देव सिंह सांवत, कैप्टन गौर सिंह भण्डारी ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में योगी दोषियों को कठोर सजा दे रहे हैं। उत्तराखंड में भी उसी तरह कठोर दंड और त्वरित न्याय की जरूरत है।

### नारसन में 24 और खानपुर में 27 को कृत्रिम अंग वितरण

रुडक़ी। मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने नारसन और खानपुर विकासखंड मुख्यालय पर लगने वाले कृत्रिम अंग वितरण शिविरों की प्रभावी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी टी.आर. मलेथा ने बताया कि विभाग की ओर से एलमिको कंपनी कानपुर के सहयोग से नारसन विकासखंड मुख्यालय पर 24 सितंबर और खानपुर विकासखंड मुख्यालय पर 27 सितंबर को कृत्रिम अंग वितरण के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बताया कि अप्रैल में जिन दिव्यांगजनों का कृत्रिम अंगों के वितरण के लिए चिन्हीकरण हो चुका है, उन्हें ही लाभ मिल सकेगा।

### अवैध पशु कटान में दो आरोपियों पर मुकदमा

रुडक़ी। इंस्पेक्टर मंगलौर महेश जोशी को सूचना मिली कि नगर में एक स्थान पर अवैध रूप से पशु कटान किया जा रहा है। सूचना पर शहर चौकी प्रभारी नवीन नेगी अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे जहां पर अवैध रूप से पशु वध किया जा रहा था। पुलिस को देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से करीब 300 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा गया है।

### अनिश्चितकालीन धरने पर 26 से बैठेगी भाकियू क्रांति

रुडक़ी। भारतीय किसान यूनियन क्रांति की प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने बताया कि 21 अक्तूबर 2021 को टोल मैनेजर के साथ, प्रियांशु सैनी और जशनदीप सिंह की सडक़ दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। 16 नवंबर को उप-जिलाधिकारी कार्यालय में मृतक आश्रितों और टोल एमडी दीपक जैन के मध्य एक समझौता हुआ था। इसमें दोनों मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की बात कही थी, लेकिन अभी तक दोनों परिवारों को मुआवजा नहीं दिया गया। इसको लेकर 26 सितंबर को टोल प्लाजा पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरे देश में उत्तराखंड सरकार घोटाले के मामले में नंबर वन पर चल रही है। कहा कि किसानों और मजदूरों की कोई सुनवाई नहीं है। वर्ष 2018 का गन्ना भुगतान मिल द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। हर तरफ किसानों को ही टारगेट बनाया जा रहा है।

### आशा कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

रुडक़ी। कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं और आशा फेसिलेटर को प्रशिक्षण दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिमन्यू ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग का सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि अगर सही समय पर इलाज मिल जाए तो इससे बचा जा सकता है। प्रशिक्षण शिविर में राजीव श्रीवास्तव एवं मनोज त्यागी ने कहा कि कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता लाने के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई है। सभी टीमें अपने-अपने क्षेत्र में काम करेंगी।

### सरकारी गेहूं का सुरक्षा कवच बनेगा कीटनाशक और तिरपाल

रुडक़ी। सरकारी गोदामों में गेहूं की सुरक्षा के लिए तिरपाल और कीटनाशकों की मदद ली जाएगी। एसडब्लूसी कंपनी को कीटनाशक की जिम्मेदारी दी जाएगी। राजकीय गेंहू क्रय केंद्र के ग्यारह गोदाम गढ़वाल मंडल में हैं। हरिद्वार के ज्वालापुर, कोटद्वार, ऋषिकेश और रुडक़ी में बड़े गोदाम हैं। जहां से प्रत्येक गांव के सरकारी गल्ले पर गेहूं पहुंचता है। गेहूं के गोदामों को मौसम के प्रकोप से बचने के लिए फिलहाल सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में गेहूं के खराब होने की संभावनाएं बनी है। उप संभागीय विपणन अधिकारी (हरिद्वार) अनु जैकरे ने बताया कि गेहूं गोदाम की सुरक्षा के लिए जल्द तिरपाल और कीटनाशक की व्यवस्था की जाएगी। ताकि गेहूं को खराब होने से बचाया जा सके।

### सफाई कर्मचारी समय पर वेतन नहीं मिलने से परेशान

ऋषिकेश। समय पर तनख्वाह और उपकरण नहीं मिलने से राजकीय चिकित्सालय के सफाई कर्मी परेशान हैं। उन्होंने सीएमएस से मामले में कार्यवाही की मांग की। जल्द कार्यवाही न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। मंगलवार को राजकीय चिकित्सालय के सफाई कर्मियों ने चिकित्सकाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों का उत्पीडऩ किया जा रहा है। कर्मचारियों को समय पर न ही वेतन दिया जा रहा है और न ही पीएफ काटा जा रहा है।